Reg. No. | | | | | | | | | |

BBAHDL 231

Choice Based Credit System Third Semester B.B.A. Examination, April/May 2022 (2020 – 21 Batch Onwards) COMPULSORY FOUNDATION LANGUAGE HINDI (Group – III) (Paper – III)

Time : 3 Hours   Max. Marks : 80

I. **एक** शब्द या **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए । **(5×1=5)**

1) चंदन की माता का नाम क्या है ?

2) रावल स्वरूप सिंह की पुत्री कौन है ?

3) गजाती के अनुसार सबसे बड़ा आदमी कौन है ?

4) 'बहू की विदा' एकांकी के एकांकीकार कौन हैं ?

5) शंकर किसका बेटा है ?

II. किन्हीं **तीनों** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । **(3×5=15)**

1) "दिन में तो तुम चित्तौड़ के सूरज हो, कुँवर ! और रात में तुम राजवंश के दीपक हो, महाराणा सांगा के कुलदीपक हो ।"

2) "ठीक कह रहा हूँ । मेरा फैसला आखरी है । विदा तभी होगी जब पाँच हज़ार नकद इस हाथ पर रख दोगे ।"

3) "कल्पना के लोक में जो आदमी विचरता है, वह कायर है ।"

4) "आजकल तो लड़की कितनी ही सुंदर हो, बिना टीम-टाम के भला कौन पूछता है ।"

5) "योद्धा का उपासक यदि कुछ क्षणों के लिए स्वयं योद्धा बन जाय तो कोई ताज्जुब की बात नहीं ।"

III. 'दीपदान' एकांकी का सार विशेषताओं के साथ लिखिए । **(1×10=10)**

अथवा

जीवनलाल का मन परिवर्तन कैसे होता है ? 'बहू की विदा' एकांकी के आधार पर लिखिए ।

IV. 'सपनों की होम डिलिवरी' लघु उपन्यास में चित्रित समकालीन जीवन की यथार्थता का परिचय दीजिए । (1×10=10)

अथवा

'सपनों की होम डिलिवरी' उपन्यास का सार लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

V. किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणी लिखिए । (2×5=10)

1) प्रभाकर शर्मा

2) गगन

3) रुचि और प्रभाकर का दांपत्य जीवन ।

VI. अ) वाक्य पहचानिए । (3×1=3)

1) साहसी विद्यार्थी उन्नति करते हैं ।

2) रमेश आया और मोहन चल दिया ।

3) जैसे ही मैंने दूध पिया, वैसे ही मैं सो गया ।

आ) निम्नलिखित वाक्यों को उचित विराम चिह्न लगाकर लिखिए । (3×1=3)

1) मैंने उसे प्यार से समझाया पर उसने मेरी बात न मानी

2) सुमित-चलिए आपको अपने मेहमान से मिलवाऊँ

3) पाप और पुण्य सच और झूठ बेईमानी और ईमानदारी ये सब सामाजिक मूल्य हैं

इ) पत्र लिखिए । (2×5=10)

1) वाणी प्रकाशन, दिल्ली से दो पुस्तकें मँगवाई हैं, वह आपके आदेश के अनुसार नहीं है । इसकी शिकायत करते हुए अशोक पुस्तकालय, मैसूर की ओर से एक पत्र लिखिए ।

अथवा

बैंक के अनुवाद ब्यूरो में सहायक निर्देशक पद के लिए डॉ. सुरेश शास्त्री के नाम से एक आवेदन पत्र लिखिए ।

2) व्यायाम के महत्व को दर्शाते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए ।

अथवा

अपने मित्र को नव वर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए पत्र लिखिए ।

ई) उपसर्ग जोड़कर लिखिए। (4×½=2)

1) जय

2) मान

3) हार

4) नायक।

उ) प्रत्यय अलग करके लिखिए। (4×½=2)

1) सातवाँ

2) कहानीकार

3) सौदागर

4) राष्ट्रीय

ऊ) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (5×1=5)

राजा राममोहन राय बचपन से ही बड़े प्रतिभाशाली थे। उनके पिता ने उनकी पढ़ाई का समुचित प्रबंध किया। गाँव की पाठशाला में उन्होंने बंगला सीखी। उन दिनों कचहरियों में फारसी का बोलबाला था। अत: उन्होंने घर पर ही मौलवी से फारसी पढ़ी। नौ वर्ष की उम्र में वे अरबी की उच्च शिक्षा के लिए पटना भेजे गए। वहाँ वे तीन वर्ष तक रहे उन्होंने कुरान का मूल अरबी में अध्ययन किया। बारह वर्ष की उम्र में वे काशी गए। चार वर्ष तक वहाँ उन्होंने संस्कृत का अध्ययन किया। इस बीच उन्होंने भारतीय दर्शन का भी अध्ययन किया।

प्रश्न :

1) राजा राममोहन राय की पढ़ाई की व्यवस्था किसने की ?

2) राजा राममोहन राय ने बंगला कहाँ सीखी ?

3) उन्होंने फारसी की शिक्षा कहाँ से प्राप्त की ?

4) बारह वर्ष की उम्र में वे कहाँ गये ?

5) उन्होंने कितने वर्ष तक संस्कृत का अध्ययन किया ?

ऋ) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (5×1=5)

चलो चले एक घाटी में,
फूलों की सुंदर वादी में ।
चित्रकार का सपना है यह,
सपना रंग–बिरंगा है यह ।।
कहीं केसर कहीं गुलाब,
तो कहीं मोतिया लाया बहार ।
फैल रही कहीं है सरसों,
गुलनार खिला है परसो ।।
जूही शरमाती लजाती है,
चमेली भी तो इतराती है ।
चंपा ने है जाल बिछाया,
सूर्यमुखी ने थाल सजाया ।।

प्रश्न :

1) चित्रकार का क्या सपना है ?
2) कौन–सा पौधा चारों ओर फैल रहा है ?
3) जाल किसने बिछाया है ?
4) किसने थाल सजाया है ?
5) कौन–सा फूल अपनी सुंदरता पर इतराता है ?